मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 77, मुंबई, मंगलवार, 14 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर





DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# मौत वाली होर्डिंग!

## एक लापरवाही और चली गई 14 की जान

### होर्डिंग हादसे में 14 की मौत, 74 घायल







*सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया कि होर्डिंग गिरने की घटना में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी*



### मुख्यमंत्री शिंदे ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद का ऐलान किया है


**मुंबई।** मुंबई में आंधी और तूफान ने जमकर कोहराम मचाया। मौसम ने ऐसी करवट बदली कि लोगों की जान पर बन आई। कई जगह लोहे के बड़े-बड़े टावर गिर गए, तो घाटकोपर में पेट्रोल पंप पर गिरे बिलबोर्ड से 14 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया था, लेकिन ये अंदाजा नहीं था कि शहर में तूफान इस कदर तबाही मचा देगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### 100 फीट ऊंचा था बिल बोर्ड

*होर्डिंग के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला और क्रेन व गैस कटर मशीन के जरिए रेस्क्यू कर लोगों बाहर निकाला। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से 31 घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। एनडीआरएफ के साथ राहत बचाव की टीम ने 88 लोगों का रेस्क्यू किया। बताया गया है कि पेट्रोल पंप पर गिरने वाला बिल बोर्ड 100 फीट ऊंचा था और उसका वजन 250 टन से ज्यादा था।*

## हादसे का जिम्मेदार कौन?

यह हादसा नहीं होता। अगर उस जगह होर्डिंग न लगा होता। क्योंकि होर्डिंग के कारण की लोगों की मौत हुई। यही नहीं, यह होर्डिंग अवैध रूप से लगाया गया था। इसे यहां लगाने के लिए परमिशन नहीं ली गई थी। बावजूद इसके इसे उस जगह लगाया गया। हादसे के बाद बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने मौके पर जाकर मुआयना किया। उन्होंने भी बताया कि होर्डिंग अवैध था। मैंने व्यक्तिगत रूप से मुंबई नगर आयुक्त से मुलाकात की थी। किरीट सोमैया ने आगे कहा कि नगर निगम ने कल इस होर्डिंग को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था।लेकिन सवाल यह है कि नोटिस जारी होने के बाद भी होर्डिंग क्यों नहीं हटा। अगर यह अवैध था तो नगर निगम इतने दिनों से मौन क्यों रहा।



### आंधी-तूफान ने रोकी मुंबई की रफ्तार, तेज हवाओं के साथ बारिश, मेट्रो-लोकल ट्रेन तक प्रभावित

## पुणे में 7 जगह होंगे बम ब्लास्ट...

### घर नहीं लौटी पत्नी तो सनकी पति ने पुलिस को कॉल कर धमकाया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पुणे शहर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवक की पत्नी देर रात घर नहीं लौटी तो उसने पुलिस कंट्रोल रूप को फोन किया और कहा कि वह सात जगहों पर बम विस्फोट कर देगा। लोकसभा के चुनाव की वोटिंग के समय ऐसे बम विस्फोट की धमकी सुनने के कारण पुलिस के आला अधिकारियों के बीच खलबली मच गई। बम विस्फोट की धमकी को सही मानते हुए पुलिस वालों ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पुणे शहर के चप्पे-चप्पे पर बम की तलाश शुरू कर दी और साथ ही कॉल करने वाले शख्स का भी पता लगाने लगी, लेकिन जब जांच की तह तक पहुंचे तो कहानी कुछ और ही सामने आई। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

### केजरीवाल की गारंटियां

**कहा जा सकता है कि 'आप' अर्थव्यवस्था में राज्य की ऐसी भूमिका बनाने की गारंटी दे रही है, जो मार्केट फंडामेंटलिज्म के विपरीत है। वर्तमान बहस के सीमित दायरे में इसे 'आप' का खास योगदान समझा जाएगा।**

गारंटियों के सीजन में आम आदमी पार्टी ('आप') के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने अपनी दस गारंटियां पेश की हैं। उन्हें इस बात श्रेय दिया जाएगा कि उन्होंने ये गारंटियां पार्टी की सीमाओं को स्पष्ट करते हुए दीं। केंद्र में उनकी पार्टी की अपनी सरकार नहीं बनने वाली है, इसका उल्लेख उन्होंने किया। मगर दावा किया कि ये ऐसी गारंटियां हैं, जिन पर इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों को कोई एतराज नहीं होगा, और वे इन पर अमल के लिए बातचीत से सबको राजी कर लेंगे। पहली गारंटी वह है, जो 'आप' की खास पहचान बन चुकी है। यानी 200 यूनिट तक उपभोग वाले सभी व्यक्तियों को मुफ्त बिजली देना। बहरहाल, इसमें दो वादे ऐसे हैं, जो आज के आर्थिक वैचारिक कट्टरपंथ को तोड़ते नजर आते हैं। 'आप' अकेली पार्टी है, जो हर गांव और हर मोहल्ले में बेहतरीन सरकारी स्कूल खोलने और उनमें सबको मुफ्त शिक्षा देने का वादा कर रही है। साथ ही हर मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का वादा भी उसने किया है। अगर इसके साथ किसानों को स्वामीनाथन फॉमूर्ले के अनुरूप एमएसपी देने के उसके वादे को भी जोड़ दिया जाए, तो कहा जा सकता है कि 'आप' अर्थव्यवस्था में राज्य की ऐसी भूमिका बनाने की गारंटी दे रही है, जो मार्केट फंडामेंटलिज्म (बाजारवादी कट्टरपंथ) के विपरीत है। वर्तमान बहस के बीच इसे 'आप' का खास योगदान समझा जाएगा। बाकी कुछ बातें हवाई हैं। मसलन, एक वर्ष में दो करोड़ रोजगार की व्यवस्था और चीन के कब्जे वाली जमीन को छुड़ाने के लिए सेना को खुला हाथ देने की बातें चुनावी माहौल में भावनाएं गरमाने के काम आ सकती हैं, लेकिन उनमें कोई अर्थव्यवस्था संबंधी या भू-राजनीतिक समझ की झलक नहीं मिलती। मगर केजरीवाल की एक विशेषता यह भी रही है कि वे भाजपा की खास पहचान वाले मुद्दों पर उससे अधिक उग्र दिखा कर उसे पछाड़ने की कोशिश करते हैं।

### उर्स ए ताजुशशरिया में आला हजरत ताजुशशरिया वेलफेयर सोसाइटी का एलान

# बीमारों का मुफ्त ऑपरेशन बेटियों को मिलेगी मुफ्त कम्प्यूटर शिक्षा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**बरेली।** ताजुशशरिया मुफ्ती अख्तर रजा कादरी अजहरी मियां का छठा दो रोजा उर्स-ए-ताजुशशरिया बरेली समेत दुनियाभर में 15 व 16 मई को मनाया जाएगा। दो रोजा उर्स के तैयारी के मद्देनजर किला स्थित आला हजरत हुजूर ताजुशशरिया सोसाइटी के हेड आफिस पर बैठक की। जिसमें मुफ़्ती असजद रजा खान कादरी के दामाद संस्था के संस्थापक जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव व भारत गौरव एवार्ड से सम्मानित फरमान हसन खान ने बताया कि संस्था की तरफ से ऐसे जरूरतमन्द लोग जिनको डॉक्टर ने ऑपरेशन बता दिया है और वो लोग आर्थिक तंगी की वजह से ऑपरेशन नही करा पा रहे है उनका मुफ्त ऑपरेशन संस्था की जानिब से कराया जाएगा। साथ ही 121 बेटियों को मुफ़्त कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी। बताते चले कि मुफ़्ती असजद रजा खान कादरी के दामाद फरमान हसन पिछले कई सालों से उर्स-ए-आला हजरत व उर्स ताजुशशरिया के मौके पर गरीबों के मुफ़्त ऑपरेशन और मुफ्त नीट (एम.बी.बी.एस) कोचिंग की तैयारी करा रहे है। वहीं इस बार उर्स के मौके पर दरगाह आला हजरत का संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा व आला हजरत ताजुशशरिया वेलफेयर सोसाइटी के जानिब से मोतियाबिंद,गुर्दे व पित की पथरी, हर्निया,महिलाओं से संबंधित बीमारी व हड्डी आदि के ऑपरेशन बरेली के प्राइवेट हॉस्पिटल में कराए जाएंगे। इसका लाभ सभी गरीब लोग उठा सकते है। जरूरतमंद लोग अपना आधार कार्ड के साथ दरगाह स्थित जमात रजा-ए-मुस्तफा के हेड आफिस के दफ्तर में मोईन खान व किला स्थित आला हजरत ताजुशशरिया वेलफेयर सोसाइटी के हेड आफिस में 14 मई से 18 मई तक सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते है। सोसाइटी के आफिस में अब्दुल सलाम से संपर्क कर सकते हैं।

# डीएम के औचक निरीक्षण से जिला अस्पताल में हड़कम, साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस देने के दिए निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**




**बरेली।** रिश्वतखोरी में मस्त और स्वास्थ्य सेवाएं देने में पस्त चल रहे जिला अस्पताल में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के अचानक पहुंचने पर सोमवार को हड़कंप मच गया। औचक निरीक्षण में उन्होंने व्यवस्थाओं की पड़ताल के साथ मरीजों का हाल चाल लिया। परिसर में गंदगी मिलने पर सफाई एजेंसी को नोटिस और मलेरिया वार्ड की व्यवस्थायें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। डीएम रविंद्र कुमार ने निरीक्षण के समय ओपीडी में उपस्थित रोगियों से उपचार के बारे में पूछताछ की। जिस पर रोगियों ने दबी जुबान से बताया कि सभी सेवाएं उचित प्रकार से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति भी चेक की। जिलाधिकारी ने मलेरिया के मामलों में त्वरित कार्यवाही करने और जांच करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही मलेरिया वार्ड को अस्पताल के एंट्री प्वाइंट के आस पास बनाने तथा मलेरिया जांच कक्ष को साइनेज के माध्यम से इंगित किये जाने के निर्देश दिए जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। डीएम ने मलेरिया के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच इत्यादि करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही मलेरिया वार्ड को अस्पताल के एंट्री प्वाइंट के आस पास बनाने तथा मलेरिया जांच कक्ष को साइनेज के माध्यम से इंगित किए जाने के निर्देश दिए जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। निरीक्षण के समय जिला अस्पताल में साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस निर्गत करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डा विश्राम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**गदंगी मिलने पर सफाई एजेंसी का नोटिस**

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस भेजने के निर्देश दिये हैं।

# प्रभा महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की संस्थापक अध्यक्षा दमयंती देवी की याद में शोक सभा

### बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**खगड़िया।** प्रभा महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की संस्थापक अध्यक्षा दमयंती देवी की पुण्य तिथि पर शील सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समिति की संस्थापक सचिव सह महिला पत्रकार इंदु प्रभात ने की। उक्त अवसर पर बिहारी पावर ऑफ इंडिया के चेयरमैन सह वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविंद वर्मा ने दिवंगत दमयंती देवी की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। अपने उद्बोधन में डॉ वर्मा ने कहा दमयंती देवी एक कुशल समाज सेविका थी, जिन्होंने खगड़िया जिले में सर्वप्रथम महिला कोऑपरेटिव की स्थापना की और इसके माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने में काफी सहयोग किया। आगे उन्होंने कहा दमयंती देवी एक दयालु और महान समाज सेविका थी जो खासकर दलित एवं गरीब महिलाओं को हमेशा आर्थिक विकास के लिए तकनीकी जानकारियां देती रही और कहती



रही कि शिक्षा सबसे जरुरी है। आधी रोटी खाओ, मगर बच्चों को अवश्य पढ़ाओ। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में महिला पत्रकार सह संस्थापक सचिव इन्दु प्रभा ने कहा दमयंती देवी के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वो अक्सर कहा करती थीं कि महिलाओं को हमेशा अपने परिवार के साथ साथ समाज की भी मदद करते रहना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार अरुण वर्मा ने कहा कि दमयंती देवी सादा जीवन, उच्च विचार में विश्वास रखती थी। आजकल के मॉडर्न सभ्यता की सख्त विरोधी थी और कहा करती थी कि महिलाओं को हमेशा अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। भारतीय सभ्यता और संस्कृति से हमारा मानसिक, सामाजिक और आर्थिक विकास संभव है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख थे अशोक वर्मा, अजय वर्मा, मधु वर्मा, राजा वर्मा, अनिल वर्मा, निभा वर्मा, अभिलाषा, अभिषेक कुमार, अभिलाष, प्रियव्रत सिंह, सुरेश नायक, ब्रजेश बिभु, मनोज भगत, भोला वर्मा, शंकर वर्मा, निकेत कुमार तथा कैलाश चंद्र आदि।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# गोलीबार में महाविकास आघाडी उम्मीदवार वर्षाताई गायकवाड ने प्रचार किया और कार्यालय का उद्घाटन

## हाजी इब्राहिम भाईजान ने किया था आयोजन

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** गोलीबार वार्ड नंबर 87 में महाविकास आघाडी उमेद्वार प्रो. वर्षाताई गायकवाड ने प्रचार किया। कार्यालय का उद्घाटन में कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति थी। गोलीबार वार्ड ८७ कांग्रेस कार्यालय याहू हाल गोलीबार में मुंबई अल्पसंख्यक अध्यक्ष जनाब हाजी इब्राहिम भाईजान के नेतृत्व में महाविकास आघाडी के उत्तर मध्य लोकसभा उमीदवार प्रो. वषार्ताई गायकवाड ने अपने प्रचार कार्यालय का उदघाटन स्थानिक इंडिया महाविकास आघाडी के नेताओ कि उपस्थिती मे किया। सबसे पहेले इंडिया महाविकास आघाडी कि उमीदवार प्रो. वषार्ताई गायकवाड के गोलीबार के प्रचार कार्यालय पर आते ही हाजी इब्राहीम भाईजान के नेतृत्व में महाविकास आघाडी के कार्यकर्ताओं ने ताई का फटाके की आतिषबाजी से स्वागत किया। इसके बाद शिवसेना कि माजी नगरसेविका श्रीमती पुजाताई महाडेश्वर ने ताई का पुजा करके स्वागत किया बाद




में वर्षाताई गायकवाड ने अपने हाथो से प्रचार कार्यालय का रिबीन काटकर कार्यालय का उदघाटन किया। इस इस वक्त बहोत सारे इंडिया महाविकास आघाडी के पदाधिकारी नेता और कार्यकर्ताओं कि मौजुदगी थी। इस शुभअवसर पर मुंबई अल्पसंख्यक अध्यक्ष जनाब हाजी इब्राहिम भाईजान ने कय्युम तांबोली और अब्दुल फहिम हाजी इब्राहिम भाईजान ने वर्षाताई गायकवाड और प्रचार कार्यालय में आए हुए सभी मेहमानो का बुके और शाल देकर सत्कार किया। इस वक्त वर्षाताई गायकवाड, हाजी इब्राहिम भाईजान, कय्युम तांबोली, शिवसेना विधायक संजय पोतनिस, पेडनेकरजी इन सभी नेताओ ने इंडिया महाविकास आघाडी के कार्यकर्ताओं को किंमती मार्गदर्शन किया। इस वक्त मुंबई के वरिष्ट कॉंग्रेसी नेता मॉयनॉरिटी कॉंग्रेस के मुंबई अध्यक्ष मुंबई कि शान हाजी इब्राहिम भाईजान, शिवसेना विधायक संजय पोतनिस, पेडनेकर, वरिष्ट कॉंग्रेसी नेता हाजी कय्युम तांबोली, मुंबई कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंग उत्तर मध्य जिला युथ कॉंग्रेस अध्यक्ष अब्दुल फहिम हाजी ईब्राहिम, शिवसेना के माजी नगरसेवक पुजा महाडेश्वर, आप पार्टी के मेहमुद देशमुख, एडवोकेट शुक्ला, कार्यालय प्रमुख फजल सौदागर, गुलफाम खान, मुंबई कांग्रेस वर्किंग कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफर सिद्दीकी, वार्ड ८७ कॉर्डिनेटर श्रावण झा जी, आजाद खान, सोलंकी, बाबा पाठक हसन अली, इरशाद कुरेशी जी, उस्मान खान (लाला), अकबर भाई, जमील कुरेशी, हनीफ भाई, इमरान शेख, रफीक भाई, इरशाद काजी, हसीना, जाया, शकीला आपा, जिल्लू भाई, इमरान भाई, वसीम हकीम भाई, अंजली जाधव, शबा शेख, अल्ताफ शेख, आरिफ शेख, आसिफ शेख ,जफर खान और इंडिया महाविकास आघाडी के कई विभागीय कार्यकर्ता और नेता गण पदाधिकारीयों की शेकडो कि संख्या में उपस्तिथि थी। प्रचार कार्यालय के कार्यालय का आयोजन मुंबई अल्पसंख्यक अध्यक्ष जनाब हाजी इब्राहिम भाईजान ने किया था। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन और आभार कय्युम तांबोली साहब ने किया।

# दिंडोशी में मतदान जागरूकता अभियान का निकाली गई भव्य रैली

## करीब 1500 जागरूक नागरिक ने लिया हिस्सा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र में मतदान जागरूकता रैली भव्य आयोजन रविवार शाम 5 बजे से क्रान्ति नगर के अंबेडकर चौक से होते हुए पिंपरी पाड़ा, इंद्रा नगर तक निकाली गई। इस जागरूक रैली में करीब 1500 जागरूक नागरिको ने भाग लिया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय रेल मंत्रालय सदस्य गौरीशंकर चौबे ने बताया की देश में मतदान प्रतिशत में कमी चिंता की बात है। इसलिए द्वारकामाई चैरिटी संस्था इस मुहिम से मतदाताओं को जागरूक कर उनको मतदान के लिए जागरूक किया।

# पुरुषों के डिजाइनर वेडिंग वियर ब्राण्ड तस्वा ने मुंबई में खोला अपना पहला मॉल स्टोर

**मुंबई।** आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लि. ने मशहूर डिजाइनर तरुण तहलियानी के साथ भागीदारी में मुंबई में तस्वा के पहले मॉल स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस स्टोर के भव्य शुभारंभ का नजारा देखने लायक था और सरप्राइज फ्लैश मॉब और पुणेरी ढोल के परफॉर्मेंस ने वहाँ से गुजरने वाले लोगों को चौंका दिया। उस समय लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब बॉलीवुड स्टार और ब्राण्ड एम्बेसेडर अनन्या पांडे ने फ्लैश मॉब के दौरान अचानक एंट्री ली। इस स्टोर का उद्घाटन अनन्या पांडे ने जाने-माने डिजाइनर तरुण तहलियानी की मौजूदगी में किया। शहर में प्राइम लोकेशन पर 'तस्वा' नं. एस/4, दूसरी मंजिल, ओबेरॉय मॉल, गोरेगांव पूर्व, मुंबई में स्थित स्टोर 1746 वर्गफीट में फैला हुआ है और खरीदारी का शानदार अनुभव देता है। इस स्टोर में भारत के आधुनिक पुरुषों के लिये डिजाइनर एथनिक और वेडिंग वियर की एक बड़ी रेंज है। इसमें नया आर्ट डेको-इंस्पायर्ड डिनर जैकेट कलेक्शन भी शामिल है, जिसे ज्यॉमेट्रिक पैटर्न्स और एम्ब्रॉइडरी की पैनी तकनीकों से बनाया गया है। इन तकनीकों के नाम एप्लिक और हॉट-फिक्स हैं। शादियों और त्यौहारों के कपड़ों की श्रृंखला में तरह-तरह के कुर्ता सेट्स, अचकन, शेरवानी और इंडो-वेस्टर्न कपड़े हैं। इनके साथ ही साफा, सरपेच, ब्रूच, पॉकेट स्क्वायर, बटन, सेहरा, स्टोल, शॉल और फुटवियर जैसी कई एसेसरीज भी हैं। इस स्टोर का डिजाइन और सजावट




तरुण तहलियानी के 'इंडिया मॉडर्न' डिजाइन के मुताबिक है। इससे पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता एक नई सच्चाई को समझ रहे हैं। उन्हें अब अपनी पसंद में अधिक सार्थकता और अभिव्यक्ति चाहिये। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से प्रेरित शानदार सामग्री, जैसे कि लकड़ी, पीतल और डिजाइन से ऐसा माहौल बन जाता है, जो भारतीय परिधानों के संसार का दरवाजा खोलता है। यह तस्वा की ब्राण्ड फिलॉसफी के अनुरूप है। अनन्या ने अपनी बात रखते हुए कहा, इस शहर की मेरे दिल में एक खास जगह है। आज मुझे पारंपरिक खूबसूरती और आधुनिक शैली का संगम देखने का मौका मिला है, क्योंकि तस्वा ने ओबेरॉय मॉल में अपने दरवाजे खोल दिये हैं। दूल्हे के फैशन का अनुभव नया करने के लिये तत्वा की प्रतिबद्धता तारीफ के काबिल है। और मैं तस्वा के सफर का हिस्सा बनकर रोमांचित हूँ। ओबेरॉय मॉल स्टोर के लॉन्च पर तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहलियानी ने कहा, मुंबई के ओबेरॉय मॉल में अपने स्टोर के भव्य शुभारंभ के साथ अपनी सोच को साकार होते देखना सम्मानजनक है। तस्वा में हर कपड़ा सावधानी से बनाया जाता है। हमारे कपड़े भारतीय धरोहर को सराहने के अलावा आधुनिक शैली को भी अपनाने वाले होते हैं। मुंबई में हमारा नया स्टोर सबसे बढ़िया जगह है, जहाँ तस्वा को परिभाषित करने वाली सदाबहार तकनीकों और आधुनिक डिजाइन का अनुभव मिलेगा।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मौत वाली होर्डिंग...

एनडीआरएफ का कहना है कि इस हादसे में 88 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 74 को बचा लिया गया। तेज हवाओं की वजह से होर्डिंग गिर गई और चीख-पुकार मच गई। हादसे को लेकर दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आईं। करीब पांच बजे शाम तूफानी हवा के बीच होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरी, जिसके नीचे 80 से ज्यादा लोग दब गए। सुबह तक मलबा हटाने का काम जारी रहा। हालांकि अब रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। हादसे के बाद होर्डिंग मालिक भावेश भिड़े सहित अन्य लोगों पर पंत नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। घाटकोपर हादसे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद का ऐलान किया। साथ ही साथ उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा शिंदे सरकार ने घटना को लेकर हाई लेवल जांच के आदेश दिए हैं। मनपा ने इस मामले में कहा है कि होर्डिंग अवैध तरीके से लगाया गया था। इसमें मनपा ने एक निजी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। बिलबोर्ड गिरने के बाद पेट्रोल पंप की छत तहस-नहस हो गई। मुंबई में बारिश और तूफान के बीच हर तरफ अफरातफरी देखने को मिली। मुंबई एयरपोर्ट पर 66 मिनट के लिए फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। ठाणे में बीच सड़क ही कई गाड़ियां पलट गईं। कई जगह बिजली के तार टूट गए रेलवे सेवा, मेट्रो सेवा प्रभावित हुई। बारिश और तूफान के इस कहर से हर कोई सन्न है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा है कि सभी होर्डिंग्स का उचित ऑडिट किया जाए। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान, ठाणे के रहने वाले गुपचंदानी ने कहा, घटना के समय, वह अपनी कार में पेट्रोल भराने के लिए इस पेट्रोल पंप पर आए थे, लेकिन अचानक, तेज हवाएं चलने लगीं, जिस वजह से पेट्रोल पंप पर होर्डिंग गिर गई।यह देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। गुपचंदानी ने कहा कि सौभाग्यवश वह और उनका दोस्त सुरक्षित बच गए।


### पुणे में 7 जगह होंगे बम ब्लास्ट...

पुलिस को जब शहर में बम धमाकों की धमकी की सूचना मिली तब वह चुनाव की ड्यूटी में व्यस्त थी, ऐसे में पुलिस के लिए यह बेहद चुनौती भरा था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से भी लिया क्योंकि शहर में आए दिन गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि कॉल करने वाला शख्स अपनी पत्नी से नाराज था, क्योंकि वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटी थी। इसी गुस्से में पति ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर दिया और शहर के 7 हिस्सों को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। पति-पत्नी के झगड़े ने शहर की पुलिस को परेशान कर दिया। जब इस बाद की जानकारी युवक की पत्नी और बेटी को हुई तो घर लौटने के बाद दोनों ने युवक को जमकर पीट दिया।

## खबर संक्षेप

### रूस में बेलोसाउ नए रक्षा मंत्री बनाए गए

**मास्को।** रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अहम प्रशासनिक



फेरबदल करते हुए सर्गेई शोइगु को देश के रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने उनकी जगह आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया। क्रेमलिन की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक सर्गेई शोइगु के स्थान पर आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। 2012 से रक्षामंत्री और लंबे समय से पुतिन के सहयोगी रहे।

### राष्ट्रपति के सलाहकार ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने



वाले 100 रुपए के नए नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को रविवार को मंजूरी कर लिया। चिरंजीवी ने सोमवार को कहा कि मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं।

## पीओके में चौथे दिन हड़ताल जारी, एक पुलिस अधिकारी की मौत

# तंगहाल पाकिस्तान देगा 718 करोड़ की ग्रांट

मुंबई हलचल / इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे प्रदर्शनों के बीच सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पीओके के पीएम अनवारुल हक, पीएमएल-एन के नेता राजा फारूक हैदर, कश्मीर मामलों के मंत्री अमीर मुकाम और कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। बैठक में पीओके के खराब हालातों पर चर्चा हुई। इसके बाद पीएम शरीफ ने पीओके के लिए 23 अरब पाकिस्तानी रुपए ( 718 करोड़ हिंदुस्तानी रुपए) की ग्रांट की घोषणा की है।



### हिंसक झड़पें हुईं


पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। वहीं, सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पें हुईं।

### दर्जन लोग गिरफ्तार

मुजफ्फराबाद क्षेत्र में बाजार, व्यापार केंद्र, कार्यालय, स्कूल और रेस्तरां बंद रहे। विभिन्न स्थानों में हिंसा होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुजफ्फराबाद में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया। मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी थीं।

## करोड़ो की सोने की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा में टोरंटो के मुख्य एयरपोर्ट पर भारतीय मूल के 36



वर्षीय शख्स अर्चित ग्रोवर को करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल, 2023 को उस कंटेनर को नकली कागजी कार्रवाई का उपयोग करके एक गोदाम से चुरा लिया गया था। इस कंटेनर में दो करोड़ 20 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक मूल्य की सोने की छड़ें और विदेशी मुद्रा थी। देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के इस मामले में करीब एक महीने पहले भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सुदृढ़ किया जा सकेगा

# भारतीय नौसेना पोत आईएनएस किल्टन वियतनाम की कैमरन खाड़ी पहुंचा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय नौसेना पोत (आईएनएस) किल्टान वियतनाम कैम रन खाड़ी (कैम रन बे) में पहुंचा जहां वियतनाम पीपुल्स नेवी और भारतीय दूतावास द्वारा इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह यात्रा भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का एक अंग है। इस यात्रा से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा । भारत और वियतनाम आपस में व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। इन्हीं संबंधों को आगे बढ़ाते हुए, भारतीय नौसेना पोत किल्टन की यह यात्रा पेशेवर बातचीत, खेल, सामाजिक आदान-प्रदान और दोनों नौसेनाओं के साझा मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाले सामुदायिक आउटरीच जैसी गतिविधियों पर केंद्रित है।



### बीच समुद्र में समुद्री साझेदारी

यह यात्रा भारतीय नौसेना और वियतनाम पीपुल्स नेवी के बीच समुद्र में समुद्री साझेदारी अभ्यास के साथ समाप्त होगी। यह अभ्यास इन्टरओपेरेबिलिटी और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को और बढ़ाएगा। आईएनएस किल्टन स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट है, जिसे भारतीय नौसेना के निदेशालय द्वारा डिजाइन किया गया था और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता द्वारा निर्मित किया गया था।

## भारत ने तनाव के बावजूद मालदीव को की मदद

# 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने पर विदेश मंत्री ने शुक्रिया अदा किया

मुंबई हलचल / ममाले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन प्रेमी सोच के बावजूद भारत ने माले को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ट्रेजरी बिल मदद की है। भारत ने यह निर्णय मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के नई दिल्ली यात्रा के दौरान उनके अनुरोध पर किया।

मालदीव ने इसके लिए भारत का शुक्रिया किया है। भारत ने हमेशा की तरह दिल खोलकर मालदीव की मदद करके पड़ोस प्रथम की भावना को सही साबित किया है। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा कि मैं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के



रोलओवर के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता दी है। यह दोनों देशों के बीच सद्भावना का सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है। इस सहायता से मालदीव में बड़ी संख्या में ढांचागत विकास परियोजनाएं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं।

*दिल्ली यात्रा के दौरान किया था अनुरोध, ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में मिली सहायता, ढांचागत विकास परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी राशि*

### *भारतीय विमानों को उड़ाने के लिए सैनिक नहीं*

*मालदीप के रक्षा मंत्री घासन मौसून ने माना है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) में कोई भी ऐसा सैनिक नहीं है जो भारतीय सेना द्वारा दान किए गए तीन विमानों का संचालन कर सके। कुछ सैनिकों को पिछली सरकारों के समझौतों के तहत उन्हें उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया था। लेकिन यह ऐसा प्रशिक्षण था जिसमें विभिन्न चरणों को पार करने की जरूरत होती थी। हमारे सैनिक विभिन्न कारणों से इन चरणों को पूरा न कर सके। ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसके पास दो हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमान को उड़ाने का लाइंसेंस हो।*

### मालदीव ने जारी की अधिसूचना

विदेश मंत्री जमीर ने अपने विदेश मंत्रालय की उस अधिसूचना को भी साझा किया है, जो उसकी वेबसाइट पर जारी की गई है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने लिखा है कि भारत सरकार ने आज मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बजट सहायता प्रदान की है। यह सहायता 13 मई 2024 से भारतीय स्टेट बैंक माले के माध्यम से मिली है। इसके तहत 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में अतिरिक्त वर्षों के लिए सहायता मिली है।

## सैन्य अभ्यास 26 मई तक चलेगा

# भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' का मेघालय में शुभारंभ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के 7वें संस्करण की सोमवार को मेघालय के उमरोई में पूर्ण रूप से विकसित और आधुनिक विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरूआत हुई। यह सैन्य अभ्यास 13 से 26 मई तक आयोजित किया जाएगा। संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थियरी मथोउ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी शामिल हुए। युद्धाभ्यास शक्ति एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो




बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था।भारत की 90 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के अलावा अन्य टुकड़ियों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

# आस्था पथ से होकर बाबा के दर्शन को पहुंच रहे भक्त, अब तक एक लाख से अधिक यात्रियों ने नवाया शीश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल आस्था पथ से होकर यात्री बाबा केदार के मंदिर में दर्शनों को पहुंच रहे हैं। यात्रियों की भारी भीड़ के बावजूद बिना भगदड़ के यात्री आसानी से आस्था पथ से मंदिर तक पहुंच रहे हैं, और बाबा के दर्शन के पश्चात मुख्य मार्ग से वापस लौट रहे हैं। केदारनाथ आपदा वर्ष 2013 के बाद से धाम मे हो रहे पुर्ननिर्माण कार्यो के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत आस्था पथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, यह आस्था पथ मंदाकिनी नदी के किनारे से होते हुए सीधे मंदिर तक लगभग चार सौ मीटर लंबा मार्ग है। इस बार श्रद्धालु हाट बाजार के पीछे बने सरस्वती नदी पर बने आस्था पथ से होकर सरस्वती व मंदाकिनी नदी के संगम पर पहुंच रहे हैं और यहां से मंदाकिनी नदी से सट कर बने आस्था पथ से होकर मंदिर पहुंच रहे हैं। आस्था पथ पर श्रद्धालुओं के लिए रेन शेल्टर भी बनाया गया है। बारिश में यात्री इन रेन शेल्टर से भीगने से बच रहे हैं। वहीं केदारनाथ धाम में चार दिनों में एक लाख से अधिक यात्री दर्शन को पहुंच चुके हैं। गत वर्ष की बात करें तो चार दिन में नब्बे हजार यात्री दर्शनों को पहुंचे थे। इस बार दस हजार यात्री अधिक पहुंचे हैं और आने वाले दिनों में ओर अधिक यात्री दर्शन को पहुंचेंगे। बदरी केदार मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि यात्रियों की संख्या काफी



अधिक है। चार दिन में एक लाख से अधिक यात्री दर्शन को पहुंच चुके हैं। यात्री आस्था पथ से होकर मंदिर में पहुंच रहे हैं। बारिश होने पर आस्था पथ में लगे रेन शेल्टर से काफी राहत मिल रही है। धूप व बारिश से यात्री बच रहे हैं। चारधाम यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने चमोली, रुद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी में एक-एक यात्रा मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। इनकी तैनाती के आदेश गढ़वाल आयुक्त के स्तर से जारी किए गए हैं। जिन अधिकारियों को यात्रा मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है, उनमें प्रतीक जैन (चमोली), अभिषेक त्रिपाठी (उत्तरकाशी) व अंशुल सिंह (रुद्रप्रयाग) शामिल हैं। इन्हें जिलाधिकारी कार्य का आवंटन करेंगे। आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय ने बताया कि सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा के संचालन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सोमवार को उच्च अधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने बताया कि चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि बुधवार और गुरुवार को यात्रा के लिए पंजीकरण नहीं किए जाएंगे। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने जानकारी दी कि बैठक में प्रत्येक जिले में सौ-सौ अतिरिक्त होम गार्ड भी दिए जाएंगे, जबकि उत्तरकाशी में एक अतिरिक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी की तैनाती की जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु भी उपस्थित थे।

## निफ्टी 48.85 अंक के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ

# शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे की लिवाली से सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

मुंबई हलचल / मुंबई

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कमजोरी के साथ खुला सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में निचले स्तर पर लिवाली आने से यह नुकसान से उबरने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

### लाभ और हानि में रही कंपनियां

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना उछलकर 17,528.59 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद भी इसका शेयर नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

*स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में अंतिम दौर की लिवाली आने से बाजार लाभ में रहा।*

### अन्य बाजारों में नुकसान

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था।



### चुनाव की वजह से निवेशक फिक्रमंद

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भले ही बाजार दिन के निचले स्तर से उबरा और हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ लेकिन निवेशक लोकसभा चुनावों से जुड़ी आशंकाओं और ऊंचे मूल्यांकन की वजह से फिक्रमंद हैं। नायर ने कहा कि किसी बड़े सकारात्मक कारक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार अल्पावधि में कमजोर बना रह सकता है।

### 2,117.50 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.02 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 260.30 अंक लाभ में जबकि निफ्टी 97.70 अंक की बढ़त में रहा था।

### हल्की बढ़त लेने में सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'कारोबारी सप्ताह की शुरुआत उतार-चढ़ाव के साथ हुई लेकिन अंत में यह हल्की बढ़त लेने में सफल रहा। खासकर दिग्गज कंपनियों में खरीदारी ने सूचकांकों को दिन के ऊपरी स्तर के करीब बंद होने में मदद की।'

### मिडकैप सूचकांक में बढ़त

*व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि स्मॉलकैप में 0.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में इस अनिश्चितता का संबंध लोकसभा चुनावों के चौथे चरण में हुए मतदान से भी है। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड में सर्वाधिक 1.41 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.32 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि टिकाऊ उपभोक्ता और दूरसंचार खंड में गिरावट रही।*

# अच्छी सेहत के लिए आज से ही फॉलो करें ये हेल्थ टिप्स

स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद, डाइट और व्यायाम बेहद ही आवश्यक है। हममें से बहुत से लोगों को अक्सर सोने से पहले करवटें बदलनी पड़ती है। कुछ लोग जिन्हें बहुत देर तक नींद नहीं आती उन्हें नींद की दवाएं तक लेनी पड़ती हैं। नींद न आने का कारण हमारा गलत खान-पान और शारीरिक व्यायाम में कमी होना है। तो चलिए आज जानते हैं फिट एंड हैल्दी बॉडी के लिए जरुरी डाइट, एक्सरसाइज और प्रॉपर नींद से जुड़ी कुछ खास बातें...

फिट एंड फाइन रहने के लिए विटामिन और कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार का सेवन बहुत जरुरी है। बदलती लाइफस्टाइल और व्यस्त दिनचर्या के कारण डाइट चार्ट को फॉलो करना मुश्किल है लेकिन खुद को बीमारियों से दूर रखने में डाइट चार्ट बहुत मदद करता है। डाइट चार्ट के अनुसार खाने से मोटापा, डायबिटीज, एसिडिटी, ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसी बीमारियों से आप बचे रहते हैं। डाइट चार्ट बनाते वक्त ध्यान में रखें कि आपकी लिस्ट मौसम के हिसाब से ही होनी चाहिए। गर्मी का मौसम चल रहा है तो आपकी डाइट में पेय पदार्थ यानि लिक्विड चीजें ज्यादा शामिल होनी चाहिए।



**➤ब्रेकफास्ट**

नाश्ते के वक्त हमेशा भारी खाने से बचें। आप चाहें तो दूध के साथ ओट्स या फिर इससे तैयार चीले का सेवन कर सकते हैं। सुबह उठते ही ब्रश करने के बाद 4 बादाम जरुर खाएं। इससे सारा दिन आपकी बॉडी एक्टिव और एनर्जेटिक फील करेगी। आप चाहें तो नाश्ते के वक्त अंकुरित अनाज एक प्लेट मिक्स या वेजीटेबल उपमा भी ले सकते हैं।

**➤दोपहर के वक्त**

लंच का सही समय 1 से 2 बजे के बीच का होता है। इस दौरान आप चोकर वाली चपाती, छिलके वाली दाल की एक कटोरी या फिर सब्जी के साथ एक छोटी कटोरी दहीं के ले सकते हैं। खाने से 15 मिनट पहले सलाद खाना कभी मत भूलें। सलाद में आप खीरा, तर, टमाटर और ऐवोकाडो शामिल कर सकते हैं। सलाद खाने से शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलेगा।

**➤शाम की चाय**

लंच के लगभग तीन घंटे बाद चाय के साथ कुछ खाने का दिल करता है। ऐसे में आप एक कप चाय के साथ नमकीन भेल या फिर ओट्स बिस्कुट खा सकते हैं। अगर आप चाय पीना पसंद नहीं करते तो आप सेव, संतरा, कच्चा जाम, अनार, नाशपती आदि भी खा सकते हैं। अगर आप इस वक्त लेमन टी पीते हैं तो इससे आपका मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग बनेगा। रात के खाने की भूख आपको अच्छी तरह लगेगी।

**➤डिनर**

रात के खाने में चावल ज्यादा मात्रा में शामिल न करें। इसमें दाल, दो चपाती, हल्का चावल, एक कप दही और एक प्लेट सलाद लीजिए। डिनर करने के करीब एक घंटे बाद एक फल और दूध का आधा गिलास जरुर लीजिए।

**➤फिटनेस प्लान**

डाइट चार्ट को फॉलो करने के साथ-साथ रुटीन में व्यायाम जरुर करें। स्वस्थ और हेल्दी रहने के लिए फिट रहना बहुत आवश्यक होता है। लोग फिट रहने के लिए वक्त आउट का अभ्यास करते है। वर्कआउट कितना और कैसे किया जाए इस बात का ध्यान रखना बेहद जरुरी है।

**सुबह के वक्त वर्कआउट**

सबसे जरुरी बात एक ही समय पर एक्सरसाइज करें। फिट रहने के लिए एक ही समय पर वर्कआउट करना लाभकारी होता है। सुबह का समय वर्कआउट के लिए सबसे बेहतर रहता है क्योंकि इस वक्त की गई एक्सरसाइज आपको दिन भर एनर्जेटिक रखती है।

**➤पसंदीदा एक्सरसाइज**

अक्सर लोग वर्कआउट करते-करते थकने से ज्यादा बोर हो जाते हैं। ऐसे में सभी वर्कआउट करने की बजाय अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज करें। वो एक्सरसाइज करें जो आपको सबसे सबसे अधिक पसंद हो।वर्कआउट हमेशा अपने किसी फैमिली सदस्य या फिर दोस्तों के साथ मिलकर करें। उससे भी आप जल्द बोर नहीं फील करेंगे।

**➤हेल्दी स्नैक्स**

हेल्दी स्नैक्स आपके शरीर को स्वस्थ और हेल्दी रखता है क्योंकि उनमें कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान करते हैं और फिट रखते हैं। वर्कआउट करने के बाद 10 से 15 मिनट का रेस्ट लेना मत भूलें। इससे हल्की-फुल्की थकान कुछ ही क्षण में दूर हो जाएगी।

**➤नींद से जुड़े हेल्थ टिप्स**

यदि आप अपनी डाइट और एक्सरसाइज का रुटीन में ध्यान रखते हैं तो जाहिर है रात को आप चैन की नींद सोएंगे। नींद से न सिर्फ आपका शरीर रिचार्ज हो जाता है बल्कि इससे आपके मस्तिष्क की याद रखने और सीखने की क्षमता में भी बढ़ावा होता है। अगर आपकी नींद पूरी नहीं हो रही है, तो आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। नींद की कमी से उच्च रक्तचाप, मोटापा और डायबिटीज जैसी शारीरिक बीमारियां हो सकती हैं। इसके साथ ही आपकी सीखने और याद रखने की क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए हमेशा अच्छी नींद के लिए बेहतर डाइट और व्यायाम को अपनी रुटीन का हिस्सा बनाएं।

**➤अच्छी नींद के लिए अपनाएं ये टिप्स**

साउंड स्लीप यानि अच्छी नींद के लिए जितना हो सके तनाव कम लें। दोपहर के वक्त सोने से भी रात की नींद डिस्टर्ब होती है। अपने सोने और उठने का समय एक ही रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। रात को सोने से पहले, कैफीन, एल्कोहल और निकोटिन यानी धूम्रपान से बचना चाहिए। अगर किसी कारणवश नींद नहीं भी आ रही तो गर्म पानी से नहाएं, किताब पढ़ें, कैफीन फ्री चाय पियें और ऐसे काम करने से बचें जिनसे आपको चिंता होने की आशंका हो। रात का भोजन सोने से कम से कम दो से तीन घंटे पहले करें। सोने के लिए आरामदेह माहौल तैयार करें। अपने कमरे में पूरा अंधेरा रखें और तापमान को भी मौसम के अनुसार रखें। बेडरूम में टीवी या कंप्यूटर इस्तेमाल न करें। सोने का कमरा सिर्फ सोने के लिए ही इस्तेमाल करें।

# दूध में मिलाकर पिएं यह 1 चीज, बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



## तुलसी वाला दूध पीने के फायदे

दूध का ज्यादा फायदा लेने के लोग उसमें केसर या बादाम मिलाकर पीते हैं। मगर आज हम आपको तुलसी वाला दूध पीने के फायदे बताने जा रहे हैं, जिससे आप बुढ़ापे तक स्वस्थ रहेंगे। तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी, प्रोटीन, मिनरल्स तो दूध विटामिन्स से भरपूर होता है इसलिए इन दोनों को मिलाकर पीने से तीन गुणा ज्यादा फायदा मिलता है। चलिए जानते हैं तुलसी वाला दूध पीने से आपको क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**● वायरल फ्लू से बचाव**

बदलते मौसम में वायरल फ्लू तेजी से फैलता है लेकिन तुलसी वाला दूध पीने से आप इंफैक्शन के खतरे से बचे रहते हैं। वहीं अगर आप वायरल फ्लू की चपेट में आ गए हैं तो दूध में तुलसी के साथ लौंग, काली मिर्च और अदरक मिलाकर पिएं। इससे जल्द आराम मिलेगा।

**● सिरदर्द के लिए**

बिजी शेड्यूल के चलते आजकल हर कोई सिरदर्द और तनाव से जूझ रहा है। कुछ लोगों को तो यह रोज ही होता है। ऐसे में आप सोने से पहले तुलसी वाला दूध पिएं। इससे सिरदर्द और तनाव भी दूर होगा और आपको नींद भी अच्छी आएगी।

**● अस्थमा से राहत**

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध पीने से अस्थमा और सांस से जुड़ी अन्य बीमारियों में भी बहुत फायदा पहुंचता है। ऐसे में आप सुबह 1 गिलास दूध जरूर पिएं।

**● वजन घटाए**

सुबह खाली पेट यह दूध पीने से भूख कंट्रोल में रखती है और मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, जिससे वजन घटाने में काफी मदद मिलती है।

**● किडनी स्टोन**

अगर आपको किडनी स्टोन की समस्या है तो रोजाना इसका सेवन करें। इससे पथरी धीरे-धीरे गल कर बाहर निकल जाएगी। हालांकि इससे साथ डॉक्टरी इलाज भी करवाते रहें।

**● कैंसर से सुरक्षा**

एंटीबैक्टीरियल और एंटीकैंसर के गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। साथ ही इससे अन्यून सिस्टम भी मजबूत होता है, जिससे आप कैंसर के खतरे से बचे रहते हैं।

**● सर्दी और जुकाम**

सर्दी और जुकाम में तो तुलसी और दूध का कॉम्बिनेशन रामबाण की तरह इलाज करता हैं। आप चाहे तो इसमें तुलसी के अलावा हल्दी, लौंग, काली मिर्च, अदरक भी डाल सकते हैं। इससे सर्दी-खांसी दूर भाग जाएगी।

**● दिल के लिए**

इससे ना सिर्फ कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कंट्रोल में रहती है बल्कि यह दिल की बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम कर देता है इसलिए आप भी सुबह खाली पेट इसका सेवन जरूर करें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जब प्रियंका चोपड़ा को टाइट कपड़े पहनना था मना



**प्रियंका चोपड़ा** अपने दिवंगत पिता अशोक चोपड़ा के काफी करीब थीं। 2013 में उनके पिता का कैंसर से निधन हो गया। वह अक्सर उनकी कमी का जिक्र करती रहती हैं। हाल ही में वह एक फैशन मैगजीन के कवर पर नजर आईं। पब्लिकेशन से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे उनके पिता ने उन्हें टाइट कपड़े पहनने से मना कर दिया था। प्रियंका बताती हैं कि जब वह यूएस गईं तब 12 साल की थीं। वह फ्लैट चेस्ट और घुंघराले बाल वाली बच्ची थीं। जब वह लौटीं तो 16 साल की हो गईं और उनके शरीर का विकास भी हो गया। उन्हें लगता है उनके बदले रूप को देखकर शायद उनके पिता थोड़े असहज थे। कुछ हफ्तों तक वह समझ ही नहीं पाए थे कि वह कैसे डील करें। प्रियंका ने बताया कि उस वक्त लड़कों ने स्कूल से उनका पीछा करना भी शुरू कर दिया था। इस वजह से उनके पिता ने उनको टाइट कपड़े पहने से साफ मना कर दिया था। प्रियंका बताती हैं कि उनका पिता से जबर्दस्त ईगो क्लैश हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पिता और वह बेस्ट फ्रेंड्स थे। उन्होंने बताया कि एक बार उनके पिता ने उन्हें बुलाकर कहा था। कुछ भी हो अच्छा, बुरा या बहुत खराब वह अपने डैड को बता सकती हैं। वह इसे ठीक करने में प्रियंका की मदद करेंगे। वह प्रियंका को जज भी नहीं करें और हमेशा उनकी तरफ रहेंगे।

# जैकलीन फर्नांडिस के फैंस को IPhone गिफ्ट में देंगे सुकेश चंद्रशेखर



**तिहाड़** जेल में बंद रहकर भी महाठग सुकेश चंद्रशेखर आए दिन किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में रहता है। वह अक्सर बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को खत लिखता है जिसमें अपने दिल की बातें बताता है। लेकिन इस बार महाठग ने अपने खत में एक्ट्रेस को तोहफा देने की बात कही है। दरअसल, हाल ही में जैकलीन फर्नांडिस की एक एल्बम रिलीज हुई थी जिसका नाम Yimmy Yimmy है। जिसे कई मिलियन व्यूज मिले हैं। ऐसे में महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलिन को चिट्ठी लिखी और लॉन्चिंग पर बधाई दी। इसी के साथ महाठग ने इस गाने को सबसे ज्यादा बार देखने वाले 100 फैन्स को तोहफे में आईफोन देने की बात की। साथ ही सुकेश ने जैकलीन को उनके जन्मदिन पर एक सरप्राइज देने का भी वादा किया। इसके अलावा सुकेश ने अपने खत में जैकलीन को 100 मिलियन पूरे करने पर बधाई दी है और सभी फैंस को उनका सपोर्ट करने पर बधाई दी है। इसी तरह, सुकेश ने पिछले साल जैकलीन को एक खत लिखा था जिसमें उन्होंने एक्ट्रेस को अगला जन्मदिन मनाने का वादा किया था। पिछले साल दिसंबर में, बॉलीवुड अभिनेता जैकलीन फर्नांडीज ने 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में ईडी की शिकायत और उनके पूरक आरोप पत्र को अदालत में चुनौती दी थी, जिसके बाद सुकेश ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया।



# 'हेरा फेरी 3' पर सुनील शेट्टी का बड़ा खुलासा

**फिल्म** 'हेरा फेरी' के दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। जल्द ही इसका तीसरा पार्ट सामने आ सकता है। इस फ्रेंचाइजी के अहम हिस्सा रहे ऐक्टर सुनील शेट्टी ने इसका खुलासा किया है। सुनील शेट्टी इस फिल्म को लेकर बेहद इमोशनल हैं। एक इंटरव्यू में तो सुनील शेट्टी ने यहां तक कह दिया कि 'हेरा फेरी 3' जरूर आएगी। बता दें कि प्रियदर्शन निर्देशित फिल्म हेरा फेरी के दो पार्ट आ चुके हैं। बॉलिवुड की कुछ चुनिंदा कॉमेडी फिल्मों में आज भी हेरा फेरी का नाम ऊपर आता है। फिल्म के किरदार से लेकर इसके डॉयलॉग तक सब लोगों को तुरंत याद आ जाते हैं। यही इस सीरीज की सफलता भी रही है। अब इसके तीसरे पार्ट को लेकर चर्चा तेज है। दोनों पार्ट का हिस्सा रहे सुनील शेट्टी कहते हैं, हेरा फेरी 3 जरूर आएगी। तीसरे पार्ट में भी मैं, अक्षय और परेश रावल होंगे। हमारे किरदार का नाम भी वही होगा, जो अब सबकी जुबान पर है। बता दें कि इस फिल्म ने हाल ही में 23 साल पूरे किए हैं। प्रियदर्शन की इस फिल्म का दूसरा पार्ट फिर हेरा फेरी नाम से आया था। यह भी जबरदस्त कॉमेडी फिल्म थी।

